प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–पंचायतों के सशक्त होने से ही प्रदेश मजबूत होगां
- कॉमनवैल्थ देशों के संसदीय प्रतिनिधि मंडल का जयपुर भ्रमण–एतिहासिक स्थलों को भारतीय विरासत का जीवंत प्रतीक बतायां
- नई दिल्ली में आज से **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट** की शुरूआत–देशभर के परम्परागत शिल्प उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जायेगीं
- सवाईमाधोपुर में आज से अमरूद महोत्सव और कृषि तकनीक मेले का आयोजनं

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पंचायतों के सशक्त होने से ही प्रदेश मजबूत होगां श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के सातों संभागों की ग्राम पंचायतों के निवर्तमान सरपंचों के साथ संवाद कर रहे थें उन्होंने कहा कि सरपंच गांव की आवाज और ग्राम पंचायत शासन की पहली सीढी हैं देश के सम्पूर्ण विकास के लिए गांवों का विकसित होना आवश्यक हैं कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासकों ने पंचायतों के विकास कार्य और आगामी बजट के बारे में अपने सुझाव दिएं मुख्यमंत्री ने निवर्तमान सरपंचों से अपील की कि वे सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी आमलोगों तक पंहुचायें

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राष्ट्र मंडल देशों के संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन भारतीय मेजबानी में होना गर्व की बात हैं ये आयोजन भारत की अतिथि देवो भवः की महान परम्परा का प्रतीक हैं श्री बिरला कल सीएसपीओसी सम्मेलन के तहत जयपुर पंहुचे 40 राष्ट्रमंडल देशों के 120 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के लिए जयपुर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बोल रहे थें कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी संबोधित कियां उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संवाद से विभिन्न देश के लोगों को एक दूसरे की संस्कृति के बारे में जानने का मौका मिलता हैं राष्ट्रमंडल देशों का ये दल कल जयपुर पंहुचां प्रतिनिधिमंडल ने आमेर किले और अल्बर्ट हॉल संग्रहालय का भ्रमण कियां उन्होंने इन एतिहासिक स्थलों को भारत की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बतायां

....

विश्व आर्थिक मंच के नवीनतम सर्वेक्षण में सामने आया है कि भारत व्यापारिक चुनौतियों में बढोतरी के बावजूद बाजार के दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान कर रहा हैं अगले सप्ताह होने वाली दावोस वार्षिक बैठक के पहले ये निष्कर्ष जारी किया गया हैं वैश्विक आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट का मानना है कि रोजगार पर गतिरोध को कम करके भारत सुधार के मार्ग पर अग्रसर हैं इसका कहना है कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों से निवेश के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्वीकृति बढ़ रही हैं

....

नई दिल्ली में आज से **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026** की शुरूआत हो रही हैं यह प्रदर्शनी कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित हैं केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगें इस हाट का उद्देश्य परंपरागत शिल्प में देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करना और कारीगरों को उत्पादों की बिक्री के लिए मंच उपलब्ध करवाना हैं इसमें देशभर से 117 कारीगर भाग लेंगें यह प्रदर्शनी 31 जनवरी तक चलेगीं

....

सीकर के अरबन हाट में शेखावाटी हस्तशिल्प उत्सव की शुरूआत हुईं 9 दिन तक चलने वाले इस उत्सव का शुभारम्भ नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कियां इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों में देशी उत्पादों के प्रति लगाव बढ रहा हैं वहीं झुंझुनूं के सूरजगढ में स्वदेशी मेला लगाया गया हैं श्री खर्रा ने मेले में शिरकत कीं मीडिया से बातचीत में उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने की अपील कीं उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं

....

सवाई–माधोपुर में आज से अमरूद महोत्सव और कृषि तकनीक मेला आयोजित किया जा रहा हैं देश में पहली बार हो रहे इस महोत्सव का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगें कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने किसानों से इस मेले में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले के दौरान कृषि और उद्यानिकी की नई तकनीकों, यंत्रों और प्रसंस्करण संबंधी कई आयोजन होंगें

....

करौली जिले में विमुक्त और घुमंतू समुदायों के जीवन में अब सकारात्मक बदलाव नजर आने लगा हैं जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल के माध्यम से इन्हें मुख्य धारा से जोडने के प्रयास किये जा रहे हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके लिए जिले में विशेष शिविर लगाये जा रहे हैं

....

अलवर की जिंदोली घाटी को नया पर्यटन केन्द्र बनाया जायेगां वन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि घाटी में हनुमान वाटिका का निर्माण किया जा रहा है और इस स्थान पर कई तरह के फूलों की प्रजातियां लगाई जायेंगीं उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन गतिविधियों को बढावा मिलेगां

....

प्रदेश में बीते 24 घंटों में पारा 2 से 5 डिग्री तक चढा हैं तापमान में हुई इस बढोतरी से लोगों को कडाके की सर्दी और शीतलहर से राहत मिली हैं सीकर के फतेहपुर और करौली को छोडकर सभी स्थानों पर रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहां मौसम विभाग के अनुसार अगले एक–दो दिन तापमान में बढोतरी की संभावना हैं वहीं 22 से 24 जनवरी के दौरान राज्य में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं इससे जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती हैं

....

आज मौनी अमावस्या हैं प्रदेशभर में माघ अमावस्या के इस मौके पर पवित्र स्नान और दान पुण्य किया जा रहा हैं मंदिरों में भी भक्तो की भारी भीड हैं सवाईमाधोपुर जिले के रामेश्वर घाट स्थित त्रिवेणी संगम पर भी बडी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगा रहे हैं इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे पुष्कर प्रवास पर रहेंगें वे खरेकडी रोड़ पर बनाये गये नये मंदिर का लोकार्पण करेंगें

....